सुनाम - दिनांक 8 जुलाई 2012 को महातपस्वी, युवामनीषी *आचार्य श्री महाश्रमण* जी की सुशिष्या शासन श्री साध्वी श्री सोहनकुमारी जी छापर के सान्निध्य मे मंत्र दीक्षा एवं सुनाम की तेयुप का शपथ ग्रहण समारोह रखा गया। साध्वी श्री जी ने अपने मंगल उद्‌बोधन में धर्मसभा को विशेष रूप से प्रतिबोध देते हुए कहा:- कि सुनाम के भाई-बहन इस चातुर्मास में ग्रुप बनाकर जसोल में गुरू दर्शनार्थ पहुंचकर कम से कम चार पांच दिन रहकर सेवा का लाभ उठाएं। जिससे आपको गुरू उर्जा का मंगल सान्निध्य का लाभ मिल पाए।

!! मंत्र दीक्षा का चरण !!

कार्यक्रम का मंगलाचरण मंत्र दीक्षा में सहभागी बच्चो की मंगल गीतिका के द्वारा हुआ। साध्वी श्री लज्जावती जी ने कहा कि मंत्र दीक्षा का उपक्रम अन्धकार से प्रकाश की ओर, और सत्संस्कारों को जागृत करने का महान् आयाम् है। आज बच्चों में संस्कारों का होना अति आवश्यक है। आज के बालकों में वातावरण के माध्यम से असहिष्णुता बढ रही है। छोटी सी बात पर भी वह इता तनावमुक्त बनता जा रहा है कि वह अपने बारें में कुछ सोच नही सकता। आगे साध्वी श्री जी ने फरमाया कि गणाधिपति पूज्य गुरूदेव तुलसी ने समाज के सामने बहुत सुन्दर उपक्रम दिया-मंत्र दीक्षा। बालक-बालिकाओं में सत्संस्कारों की पौध उगे उसके लिए अभिभावकों को सजग और सावधान रहने की जरूरत है। वर्तमान में *आचार्य श्री महाश्रमण* जी समय समय पर कहते है, कि संस्कारों को सुदृढ बनाने के लिए ज्ञानशालाएं विशेष उपयोगी बन सकती है।

शासन श्री साध्वी सोहनकुमारी जी के सान्निध्य में मंत्र दीक्षा ग्रहण करने वाले बच्चे

शपथ ग्रहण समारोह

इसके बाद कार्यक्रम के द्वितीय चरण में सुनाम के तेयुप के द्वारा शपथ ग्रहण की गई, और संकल्प लिया कि पूरी जागरूकता के साथ संकल्पों का पालन एवं धर्मसंघ की सेवा करेगें। सभा अध्यक्ष श्री राम लाल जैन जी ने सुनाम की तेयुप की शपथ दिलाई।

शपथ ग्रहण करते समय सुनाम की तेरापंथ युवक परिषद्

!! जय भिक्षु !! !! जय महाश्रमण !!

इससे पहले दिनांक 24-6-2012 को अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के निर्देशानुसार चुनाव-मुनाव का कार्यक्रम किया गया। सभी पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ताओं की सहमति से सुनाम की तेरापंथ युवक का अध्यक्ष कपिल जैन जी को चुना गया। इसके बाद सभी मंत्री, सहमंत्री, संगठन मंत्री आदि भी बनाएं गए।
इस साल सुनाम की तेरापंथ युवक परिषद् के पदाधिकारियों की नई सुची कुछ इस प्रकार है।

श्री केवल कृष्ण जैन	संगरक्षक
कपिल जैन	अध्यक्ष
आशिश जैन	उपाध्यक्ष
राहुल जैन	उपाध्यक्ष-2
सुमित जैन	मंत्री
गौरव जैन	सहमंत्री
सुमित गोयल	संगठन मंत्री
केशव जैन	संगठन मंत्री-2
विशवनाथ जैन	कोशाध्यक्ष

Yours Faithfully,
All TYP Members,
President – Kapil Jain.
Secreatery – Sumit Jain.
Hitesh Jain (90413-99764).

Date Of Sent:- 10 July 2012.

****